कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा
उद्योग एवं कारपोरेट मामले, नई दिल्ली

मनोरंजन क्लब

संख्याः-पीडीए,आईसीए/ए.एम.जी-I/एस्टे.(वैलफेयर)/रिक्रिएशन क्लब/2023-24/34 दिनांकः 09 जून 2023

सूचना

विषयः- कार्यालय पीडीए, आईसीए और कार्यालय डीजीए (ईएसडी) नई दिल्ली के मनोरंजन क्लब से संबद्ध चुनाव से संबंधित।

1. जैसा कि दिनांक 30.05.2023 के पत्र द्वारा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी को कार्यालय पीडीए, आई एवं सीए और कार्यालय डीजीए ई एवं एसडी मनोरंजन क्लब, नई दिल्ली के आगामी चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी नामित किया गया है, तदनुसार अधोहस्ताक्षरी (चुनाव अधिकारी) अगले दो वर्षों के लिए कार्यालय पीडीए, आई एवं सीए और डीजीए ई एवं एसडी मनोरंजन क्लब, नई दिल्ली के लिए नई प्रबंध परिषद् के गठन के लिए कार्यक्रम अनुसूचित करता है। मनोरंजन क्लब के छः सदस्यों के पद के लिए चुनाव गुप्त मतदान द्वारा संपन्न किया जाएगा।

क्रम सं.	पद	अवधि	नामांकन के लिए पात्रता
1.	महासचिव	दो वर्ष	वर्ग ए (वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी), वर्ग बी और वर्ग सी अधिकारी/कर्मचारी जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए अंशदान दिया है।
2.	सांस्कृतिक सचिव	दो वर्ष	
3.	क्रीड़ा सचिव	दो वर्ष	
4.	कोषाध्यक्ष	दो वर्ष	
5.	कार्यकारिणी सदस्य	दो वर्ष	
6.	कार्यकारिणी सदस्य*	दो वर्ष	

(*प्रबन्ध परिषद् द्वारा एक महिला कार्यकारिणी सदस्य को चुना जा सकता है यदि कोई भी महिला सदस्य चुनाव में नहीं चुनी जाती है अन्यथा महासभा के सदस्यों के रजिस्टर में से किसी भी लिंग के सदस्यों को चुना जा सकता है)

निम्नलिखित सदस्य चुनाव नहीं लड़ सकतेः-

(ए) जिनके विरुद्ध विभागीय अथवा न्यायालय में अनुशासनात्मक कार्यवाहियाँ लम्बित हैं।

(बी) निलम्बन के अंतर्गत रखे गए हैं।

(सी) अंशदान के भुगतान में चूककर्ता हैं।

(डी) क्लब विरोधी गतिविधियों के कारण सदस्यता से हटा दिए गए हैं।

2. सदस्यों की सूची अधोहस्ताक्षरी से (कमरा संख्या 'डी'-307 तृतीय तल, कार्यालय डीजीए (ईएसडी), नई दिल्ली) सायं 2 बजे से 4 बजे के मध्य कार्य दिवसों के दौरान प्राप्त की जा सकती है।

3. चुनाव कार्यक्रम

क्रम सं.	विषय	तिथि	समय	स्थान
1.	नामांकन जारी होना	19.06.2023	प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे	कमरा संख्या 'डी'-307
2.	नामांकन जमा होना	20.06.2023 21.06.2023	प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे	कमरा संख्या 'डी'-307
3.	नामांकनों की जाँच	22.06.2023	प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे	कमरा संख्या 'डी'-307
4.	वैध नामांकनों का प्रदर्शन	23.06.2023	4:30 बजे सायं	सभी सूचना पट्ट
5.	नामांकनों की वापसी	26.06.2023 27.06.2023	प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे	कमरा संख्या 'डी'-307
6.	चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रदर्शन	28.06.2023	4:30 बजे सायं	सभी सूचना पट्ट
7.	मतदान यदि आवश्यक हुआ	06.07.2023	प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे	मनोरंजन क्लब भू-तल

4. उपरोक्त वर्णित कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन पत्र अधोहस्ताक्षरी से (कमरा संख्या 'डी'-307 तृतीय तल, कार्यालय डीजीए (ईएसडी), नई दिल्ली) निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। नामांकन पत्र उम्मीदवार द्वारा निजी रुप से स्वयं पुरुष/महिला अथवा उसका प्रस्तावक पुरुष/महिला द्वारा प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

5. गणना और परिणामः- मतपत्रों की गणना उसी दिन मतदान संपन्न होने के पश्चात प्रारम्भ की जाएगी और मतगणना पूर्ण होने के पश्चात परिणाम घोषित किए जाएँगें।

6. मनोरंजन क्लब के उपर्युक्त चुनाव के लिए श्री अजय कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी और श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, सहायक पर्यवेक्षक को मतदान अधिकारी नामित किया गया है।

7. चुनावों के संबंध में सभी मामलों में चुनाव अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा और सभी संबंधित पक्षों के लिए बाध्य होगा।

ह०/-

सुमिता सतीजा
(चुनाव अधिकारी)

प्रतिलिपिः-

1. सचिव, पीडीए (आईसीए)
2. वरिष्ठ पी.एस, डीजीए (ईएसडी)
3. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी, स्थापना को सूचनार्थ एवं चुनाव करवाने हेतु सभी आवश्यक प्रबन्ध करवाने के लिए (केवल बिंदु संख्या 07)।
4. व.ले.प.अ. (ईडीपी) को इस अनुरोध के साथ कि आदेश को कार्यालय की वैबसाईट पर अपलोड करें।
5. वरिष्ठ पीएस/पीए/आशुलिपिक, सभी ग्रुप अधिकारी कल्याण अधिकारी सहित।
6. सुश्री गीतांजलि, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, हिंदी अनुवाद हेतु।
7. सभी सूचना पट्ट।

सेवा में,

चुनाव अधिकारी
आई एवं सीए और ई एवं एसडी मनोरंजन क्लब
कार्यालय पीडीए, आई एवं सीए और डीजीए ई एवं एसडी
नई दिल्ली-110002

प्रिय महोदय/महोदया

मैं .... सु./पु./प. श्री .... आई एवं सीए और ई एवं एसडी मनोरंजन क्लब नई दिल्ली का सदस्य एतद्द्वारा 06.07.2023 को होने वाले चुनाव के लिए, उपर्युक्त मनोरंजन क्लब के सदस्य के पद के लिए एक उम्मीदवार के रुप में श्री .... सु./पु./प. श्री .... का नाम प्रस्तावित करता हूँ।

प्रस्तावक के हस्ताक्षर
सुस्पष्ट शब्दों में नाम ....
कार्यालय/अनुभाग ....

मैं .... सु./पु./प. श्री .... आई एवं सीए और ई एवं एसडी मनोरंजन क्लब नई दिल्ली का सदस्य एतद्द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करता हूँ।

अनुमोदक के हस्ताक्षर
सुस्पष्ट शब्दों में नाम ....
कार्यालय/अनुभाग ....

मैं .... सु./पु./प. श्री .... एतद्द्वारा 06.07.2023 को होने वाले चुनाव के लिए, उपर्युक्त मनोरंजन क्लब के सदस्य के पद के लिए अपने नामांकन के लिए स्वीकृति देता हूँ। यह भी सत्यापित किया जाता है कि मेरे विरुद्ध कोई भी सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला/मामले लम्बित अथवा विचाराधीन नहीं हैं।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर
सुस्पष्ट शब्दों में नाम ....
कार्यालय/अनुभाग ....

पावती

उम्मीदवार का नाम ....
पद का नाम ....

सुमिता सतीजा
(चुनाव अधिकारी)